विश्व दिव्यांगजन दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने दर्ज कराई सहभागिता

रायगढ़@किरणदूत



दिव्यांगजनों के प्रति सामाजिक भेदभाव को मिटाने और उनके जीवन के तौर–तरीकों को बेहतर व आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा भी इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में जेएसपीएल फाउंडेशन ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। दिव्यांगजनों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से लगाए गए जागरूकता शिविर के दौरान सक्षमता के साथ समाज में अपनी सेवाएं दे रहे दिव्यांग कर्मियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर भीम सिंह ने कहा की कोरोना महामारी के दौरान इस सत्र में दिब्यांगजनों के लिए सेवाओं का विस्तार बाधित हुआ है, जिसे आगामी वर्ष के प्रथम माह में ही दिव्यांगजनों के लिए शिविरों का आयोजन कर उन्हें मिलने वाली सारी सुविधाएं शीघ्र मुहैय्या कराई जाएंगी। उक्ताशय के सन्दर्भ में उन्होंने समाज कल्याण विभाग को दिशा–निर्देश भी दिए। कार्यक्रम को जेएसपीएल के सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक् सिसिर तरफ़दार ने सम्बोधित करते हुए दिव्यांगजनों के लिए संचालित संस्थान आशा–द होप द्वारा अंचल में दी जा रही सभी सुविधाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी टुकेन्द्र जडवर, उन्नायक सेवा समिति के एसएस मोहंती सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर आशा–द होप में सेवा दे रहीं चंचला पटेल एवं बृंदाबन दास सहित दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा विशेष बच्चों को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण व पुनर्वास केंद्र आशा– द होप का संचालन किया जाता है। इसमें आसपास के विशेष बच्चों के आने–जाने के लिए बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह केंद्र दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है।